फोटो प्रदर्शनी में मुंबई की पहली भूमिगत मेट्रो

■ **मुंबई,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. मुंबई की पहली भूमिगत मेट्रो कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज मेट्रो-3 रूट का काम फास्ट ट्रैक पर शुरू है. पॅकेज 1 के तहत 90% सिविल वर्क कंप्लीट होने के साथ कई भूमिगत स्टेशन तेजी आकार ले रहे हैं. नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स ने मुंबई मेट्रो मार्ग-3 की 15 दिवसीय फोटो प्रदर्शनी दिलीप पीरामल आर्ट गैलरी में लगी है. इसका उद्घाटन एमएमआरसीएल की एमडी अश्विनी भिड़े ने किया. तस्वीरों के माध्यम से मुंबई की पहली भूमिगत मेट्रो लाइन के निर्माण के दौरान के लुभावने दृश्य को देखने और परियोजना की इंजीनियरिंग नवाचार और जटिलता को समझने का यह एक सुनहरा अवसर है. दिलीप पिरामल आर्ट गैलरी में शहर की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं जैसे मुंबई मेट्रो मार्ग-3, मुंबई सीवे और एमटीएचएल परियोजना के निर्माण को दर्शाया गया है. 16 मार्च तक इसे देख सकेंगे. अश्विनी भिड़े के अनुसार मुंबई मेट्रो-3 परियोजना 79.8% पूरा हो चुकी है, जिसमें से आरे से बीकेसी तक पहले चरण का 85.2% और बीकेसी से कफ परेड तक दूसरे चरण का 76% पूरा हो चुका है.